<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**20 जून** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का किया वितरण कहा– युवाओं और उद्योगों के बीच सेतु का निर्माण कर रही है यह योजना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में तीन सौ अठहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ छब्बीस विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– एसआईटी की जांच में सामने आ जायेगा मंदिर चढ़ावा मामले का सच।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्वांचल की तीन ट्रेनों को दिखायी हरी झंडी। कहा– आने वाले समय में दिल्ली से वाराणसी होते हुए सिलीगुड़ी तक चलेगी बुलेट ट्रेन।
- आगामी तीन दिनों तक और गर्मी से नहीं मिलेगी राहत। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने का जताया पूर्वानुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित देश भर से जुड़े लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि पूरा विश्व आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य पहली बार रोजगार पाने वालों को सशक्त बनाना और युवाओं तथा उद्योग के बीच सेतु का निर्माण करना है।

***दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को भली भांति पहचानने लगी है और ऐसे समय में हमारी कोशिश है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का आरंभ हुआ है।***

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस योजना से बडी संख्या में रोजगार सृजन हुआ है।

***प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सहयोग से अब तक करीब 70 लाख जॉब्स सृजित हुई है। करीब 20 लाख युवा अपनी पहली नौकरी के 6 महीने पूरे भी कर चुके हैं। दो हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंची है। यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं है, यह उनके परिश्रम का सम्मान है।***

श्री मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की आकांक्षाएं, कौशल और क्षमता ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

***भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। इसलिए विकसित भारत का रास्ता भी युवाओं के सपनों, उनके कौशल और उनके सामर्थ्य से होकर ही आगे जाता है। हमारा प्रयास है कि देश का हर युवा अपनी क्षमता के अनुसार जितना आगे बढ़ सकता है बढ़े। जिसके पास हुनर है उसको अवसर मिले, जिसके पास आइडिया है उसको इनोवेशन के लिए मंच मिले और जो अपने दम पर कुछ करना चाहता है उसे पूरा सहयोग मिले।***

इस आयोजन के अंतर्गत प्रदेश में लखनऊ, ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, मेरठ और गोरखपुर सहित 17 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल शामिल हुए। इस योजना के तहत, पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय समेत 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरासत और विकास के विजन को साकार करने की दिशा में डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की वजह से उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था में ब्रेक थ्रू साबित हुआ है।

***वह उत्तर प्रदेश अपनी शानदार यात्रा को लेकर के चल रहा है। अब देश के अंदर बीमारू राज्य नहीं, भारत की अर्थव्यवस्था का एक ब्रेक थ्रू बन कर के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। अब यूपी के हमारे नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं है। यह इसी पंचप्रण का परिणाम है और डबल इंजन सरकार का परिणाम है।***

मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर कहा कि ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार ने एसआईटी जांच बैठाई है। एसआईटी की जांच से सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

***हम लोगों ने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बिठाई है और मैं उन्हें इस बात के लिए कह सकता हूं कि एसआईटी जांच दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी, उसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन मैं सभी से इस बारे में अनुरोध करूंगा। सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी ऐसी अनलगल टिप्पणी और बातें ना हो जो राम भक्तों की भावनाओं को आहत करती हो।***

मुख्यमंत्री ने नगर निगम अयोध्या में 290 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 245 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोंडा में देवीपाटन और बस्ती मंडल के लोक निर्माण विभाग की बैठक की और प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। उन्होंने कुल 4 हजार 901 करोड़ 65 लाख रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल बिहार के छपरा जंक्शन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोहरीघाट–औंड़िहार ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक विस्तार और मऊ– आनन्द विहार नियमित एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मऊ के रास्ते संचालित होने वाली छपरा–आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र को बुलेट ट्रेन की सौगात मिलेगी, जो दिल्ली से लखनऊ और वाराणसी होते हुए पटना और सिलिगुड़ी तक जाएगी।

***आने वाले समय में एक और नई चीज चालू होगी। बिहार में बुलेट ट्रेन आएगी। दिल्ली से लखनऊ, लखनऊ से वाराणसी, वाराणसी से पटना और पटना से सिलीगुड़ी यानी दिल्ली से पटना की यात्रा मात्र 4 घंटे और 41 मिनट की रह जाएगी।***

इस दौरान मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में प्रदेश सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में इंडिया फर्स्ट की भावना राष्ट्रीय चरित्र बन गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इसी भावना ने वैश्विक मंच पर भारत के मान–सम्मान और सामर्थ्य को नई ऊंचाई दी। इसी क्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और समावेशी विकास की यात्रा को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा कल वाराणसी में 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और पत्र सूचना ब्यूरो के निदेशक दिलीप शुक्ला भी उपस्थित रहे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम पूर्वोत्तर में बदलाव के लिए सरकार के महत्वपूर्ण कदमों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

***नए भारत में राष्ट्र निर्माण की बात हो और पूर्वोत्तर क्षेत्र को नजरअंदाज किया जाए, यह संभव नहीं है। एक समय था जब पूर्वोत्तर को हिंसा नाकाबंदी और उपेक्षा के लिए जाना जाता था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस तस्वीर को बदल दिया है। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने स्वयं 83 से अधिक बार पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में 47 हजार 270 करोड रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं और 46 हजार 290 किलोमीटर से ज्यादा ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। पिछले 12 वर्षों में आठ नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे विकसित किए गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में चार हजार 170 किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। सुपर्णा सेकिया की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ जिलों में आज गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा तो वहीं पूर्वी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी और पूरे प्रदेश में मौसम इसी तरह शुष्क बना रहेगा।

**********